प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम

श्री राम मंदिर अयोध्या के पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के तराई भवन स्थित आवास पर पहुंचकर पूजित अक्षत दिए गए जिसको कुलपति एवं उनकी पत्नी द्वारा पुष्प वर्षा के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गयी। तदोपरांत मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा होने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं सभी को बधाई दीं। कार्यक्रम में जिला प्रचारक जितेन्द्र, संयोजक त्रिलोकी शंकर मिश्रा, सह संयोजक शैलेन्द्र सिंह, राकेश भट्ट, डा. श्री राम, डा. बृजेश सिंह, ईश्वर पाल सिंह चौहान, विवेक सक्सेना, पुरुषोत्तम चौहान, मुनेष वाल्मीकि, पूनम त्यागी, सर्वेश राय, लक्ष्मी डिमरी, पिंकी डिमरी आदि रामभक्त उपस्थित थे।

पूजित अक्षत ग्रहण करते सह पत्नी कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार